Seventeenth Loksabha

span>

Title: Re. Release of funds for Kosi-Mechi Interlinking Project in Bihar.

श्री प्रदीप कुमार सिंह (**अररिया**): माननीय सभापति जी, हमारा जिला अररिया, नूना, बकरा, परवान, सुरसर और भलवा जैसी नदियों से घिरा है । नेपाल से सटे होने के कारण इन नदियों में बहुत जल्दी पानी का स्तर बढ़ जाता है, जिस वजह से हर साल बाढ़ आ जाने से जिले में फसल के साथ जान-माल की काफी क्षति होती है । बाढ़ से बचाव हेतु केंद्र सरकार द्वारा कोसी-मेची नदी जोड़ परियोजना को मंजूरी मिली लेकिन योजना आज भी धरातल पर नहीं उतर पाई है ।

सभापति जी, आपके माध्यम से मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि बाढ़ से बचाव हेतु कोसी-मेची परियोजना कब तक पूरी हो जाएगी एवं कब तक हमारा जिला, अररिया सहित कोसी सीमांचल पूरी तरह से बाढ़ मुक्त हो जाएगा । इसके साथ ही सभापति जी, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि 'कोसी-मेची नदी जोड़ परियोजना, जो कि भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के पास लंबित है, इस परियोजना के लिए आवंटित राशि को दिया जाए और इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जाए ताकि हमारे किसान भाइयों को बाढ़ से सुरक्षित करने के साथ-साथ सिंचाई की समस्या का भी समाधान हो सके । धन्यवाद ।

माननीय सभापति: श्री अजय निषाद जी – उपस्थित नहीं ।

श्री गोपाल शेट्टी जी ।